# कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
## ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

पत्रांक ...1796.../पटना, दिनांक ...11/11/19...

प्रेषक,

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण कार्य विभाग,
कार्य प्रमंडल, पटना।

सेवा में,

मेसर्स जय माता दी रोड कन्स0 प्रा0 लि0,
हनुमान नगर, कंकड़बाग, जिला-पटना।

विषय :- पटना जिला के प्रखंड-खुसरूपुर अन्तर्गत, शीर्ष-एम.एम.जी.एस.वाई.(एस.सी.) योजना अन्तर्गत **पी.एम.जी.एस.वाई. पथ से जगुविगहा पथ** निर्माण कार्य का एकरारनामा संख्या **47-SBD/2015-16** दिनांक-08.07.2015 को विखंडित करते हुए निबंधन को काली सूची में डालने के संबंध में।

प्रसंग :- इस कार्यालय के पत्रांक-1662 दिनांक-26.10.2019

महाशय,

उपर्युक्त विषयक प्रासंगिक पत्र के संदर्भ में सूचित करना है कि प्रासंगिक पत्र संख्या 1662 दिनांक-26.10.2019 (छायाप्रति संलग्न) के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी द्वारा पत्र निर्गत की तिथि से दस दिनों के अंदर आपसे स्पष्टीकरण की मांग की गयी थी। आपके निर्बंधित पोस्टल पता पर उक्त पत्र को स्पीड पोस्ट द्वारा दिनांक-**28.10.2019** को भेजा गया था। परन्तु आज दिनांक-**11.11.2019** तक आपका स्पष्टीकरण अप्राप्त है।

उल्लेखनीय है कि विषयांकित एकरारनामा संख्या-**47-SBD/2015-16** दिनांक-08.07.2015 के तहत पथ **पी.एम.जी.एस.वाई. पथ से जगुविगहा पथ** निर्माण कार्य दिनांक-**20.01.2018** को पूर्ण हुआ है। इसप्रकार दिनांक-**21.01.2018** से पाँचवर्षीय अनुरक्षण कार्य प्रारंभ हो गया है। परन्तु आपके द्वारा पथ में अनुरक्षण कार्य नहीं कराया गया जिसके कारण पथ क्षतिग्रस्त हो गया है। प्रासंगिक पत्र के द्वारा पथ को पूर्णरूपेण मरम्मति कर दस दिनों के अंदर अपना स्पष्टीकरण समर्पित करने हेतु आपको निदेश दिया गया था। परन्तु आपके द्वारा न तो पथ की मरम्मति की गयी न ही स्पष्टीकरण समर्पित किया गया। इससे स्पष्ट होता है कि इस संबंध में आपको कुछ नहीं कहना है।

अत: उपरोक्त तथ्यों के आलोक में आपके द्वारा शत-प्रतिशत एकरारनामा के शर्त्तों का उल्लंघन (Breach of Contract) किया गया है जिसके फलस्वरूप एकरारनामा के कंडिका State SBD के G.C.C. का 3(v) के तहत आपके एकरारनामा सं0-**47-SBD/2015-16** को विखंडित किया जाता है तथा आपके जमानत एवं अग्रधन की राशि को जब्त किया जाता है। आपके निबंधन को काली सूची में डालने एवं अन्य अग्रेत्तर कार्रवाई की जाएगी।

अनु0:- यथावत्।

विश्वासभाजन

(हस्ताक्षर)
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

Scanned with CamScanner

ज्ञापांक 1796, पटना दिनांक 11/11/19

प्रतिलिपिः- अभियंता प्रमुख, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित। अनुरोध है कि उपरोक्त एकरारनामा सं.-47-SBD/2015-16 का विखंडन के फलस्वरूप संवेदक के निबंधन संख्या-E.I.C. RWD-1128/14 & Class I को काली सूची में डालने हेतु कार्रवाई करने की कृपा की जाय।

कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

ज्ञापांक 1796, पटना दिनांक 11/11/19

प्रतिलिपिः- अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु समर्पित।

कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

ज्ञापांक 1796, पटना दिनांक 11/11/19

प्रतिलिपिः- प्रमंडलीय लेखा पदाधिकारी / रोकड़पाल, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

ज्ञापांक 1796, पटना दिनांक 11/11/19

प्रतिलिपिः- सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

ज्ञापांक 1796, पटना दिनांक 11/11/19

प्रतिलिपिः- संबंधित सहायक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया है कि उक्त पथ का अद्यतन प्राक्कलन तैयार कर अधोहस्ताक्षरी को समर्पित करें।

कार्यपालक अभियंता

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, पटना।

Scanned with CamScanner